# व्यवसायिक क्षेत्रों से नगर निगम ने हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**देवास। शहर के मुख्य मार्ग तथा मुख्य व्यवसाईक क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ साथ सुगम आवागमन के लिए निगम एवं यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अस्थाई अतिक्रमण हटाये गये।**



बैठक के दौरान आयुक्त ने दिए अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश उल्लेखनिय है कि गत दिनों बैठक के दौरान शहर के मुख्य मार्ग एबी रोड पर व्यवसायकों द्वारा फ्लेक्स, बेनर सडक पर रखकर आवागमन बधित किया जा रहा है। निगम के सफाई मित्रों द्वारा प्रातरूकाल सफाई कर दी जाती है तत्पश्चात दुकाने खुलने के बाद व्यवसायकों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों का कचरा सडक पर डालने के साथ ही फ्लेक्स, बेनर सडक पर रख दिए जाते हैं जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान हुई बैठक में अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश निगम की रिमूव्हल टीम प्रभारी को दिए गये। आयुक्त ने निगम की टीम को निर्देश देते हुए व्यवसायकों को अपनी हदों मे ही व्यवसाय करने तथा कचरे के लिए डस्टबीन का उपयोग करने की समझाईश दिए जाने के निर्देश भी टीम प्रभारी को दिए।

### निरंतर होगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

शहर के मुख्य मार्ग एबी रोड पर अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले तथा शहर के व्यवसाईक क्षेत्र में निगम एवं यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई कर लाल गेट से शुक्रवारिया हाट, घंटाघर, ईदगाह मस्जिद के आसपास के व्यवसायकों के द्वारा अपनी हदों से आगे सामग्री रखकर व्यसाय किया जा रहा था। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही स्वच्छता भी प्रभावित होने से आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई निगम के संसाधनों से की गई।





## राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**कांटाफोड़।** दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं संगठन मंत्री विनय बाकलीवाल के निर्देश पर नगर कांग्रेस द्वारा गांधी चौराहे पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। पीसीसी सदस्य मनोज श्याम होलानी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में नगर व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत भाटिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और साथियों से अधिक से अधिक संख्या में एकत्र होने की अपील की थी। पीसीसी सदस्य होलानी ने कहा कि सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा,?शांतिपूर्वक ढंग से छात्रों की वाजिब आवाज उठा रहे हमारे जननायक राहुल गांधी की गिरफ्तारी सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। आज देश का युवा और आम जनमानस राहुल गांधी की सोच और संघर्ष के साथ खड़ा है। सरकार दमनकारी नीतियों से विपक्ष की आवाज को दबा नहीं सकती। इस आंदोलन में नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## कैला देवी मंदिर के संस्थापक स्व मन्नूलाल गर्ग की प्रथम मासिक पुण्य तिथि पर 27 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा



**देवास।** आस्था, श्रद्धा, समर्पण एवं धर्म प्रभावना के साथ मानव कल्याण के मार्ग को दिशा देने वाले, देवास से सनातन के धर्म ध्वजा को संपूर्ण राष्ट्र फहराने वाले संत समाज में बहु चर्चित मानवीय सद्भावना की प्रतिमूर्ति धार्मिक ,सामाजिक सेवा के प्रति हर पल दृढ़ संकल्पित मां कैला देवी मंदिर के संस्थापक स्व मन्नूलाल गर्ग की प्रथम मासिक पुण्य तिथि पर कैला देवी मंदिर उत्सव समिति द्वारा दिनांक 27 जुलाई 2026 सोमवार को दोपहर 1बजे कैलादेवी मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है ।उत्सव समिति ने समिति के समस्त सदस्य, कार्यकर्ता , गण मान्य एवं नगर की समस्त सामाजिक संस्था तथा संगठनों से समिति संयोजक डॉ रायसिंह सेंधव, अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव,जयपाल सिंह चावड़ा,रेखा वर्मा, देवकृष्ण व्यास, ओ पी तापड़िया, रमन शर्मा, राजेश खत्री ,भूपेंद्र सिंह बेस, राधेश्याम सोनी, अजब सिंह ठाकुर ,ओ पी दुबे,चेतन उपाध्याय, रमेश महाजन,माखन सिंह राजपूत,गणेश पटेल, मोहन श्रीवास्तव, बुद्धेश्वर पटेल आदि ने अपील की है कि श्रद्धांजलि सभा में पधार कर श्रद्धासुमन अर्पित कर प्रसादि ग्रहण करें ।

## मेगा कॉन्क्लेव इमर्जिंग छत्तीसगढ़ का आयोजन

**इंदौर .** सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश थीम पर रायपुर में एनडीटीवी (एमपी-सीजी) का मेगा कॉन्क्लेव इमर्जिंग छत्तीसगढ़ का आयोजन हुआ, जिसमें लोक कला,संस्कृति, निवेश, विकास, महिला उत्थान,नक्सलमुक्त बस्तर और मौजूदा राजनीति पर बेबाकी से सवाल जवाब का सेशन हुआ . इस भव्य मंच पर ना सिर्फ राजनीति बल्कि कला और सामाजिक क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की . इसमें महतारी शक्ति,नए छत्तीसगढ़ की शक्ति सेशन हुआ,जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सीधा संवाद हुआ . सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि नए धर्मांतरण कानून में जबरन धर्मांतरण कराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा . कॉन्क्लेव में नारी नेतृत्व और समृद्ध छत्तीसगढ़ सेशन भी हुआ ,जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े,रायपुर की मेयर मीनल चौबे और आर .संगीथा शामिल रहीं,जिसमें महिलाओं की सुरक्षा और उनसे संबंधित योजनाओं पर चर्चा हुई . इसके बाद विकास से विश्वास तक का सेशन चला, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सवालों के जवाब दिए .

## स्कोडा ने स्लाविया मोंटे कार्लो के कलर पैलेट का विस्तार किया

**इंदौर .** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी स्लाविया रेंज का विस्तार करते हुए स्लाविया मोंटे कार्लो के लिए दो नए विशेष रंग विकल्प - शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे पेश किए हैं . ये दोनों रंग आकर्षक ड्यूल-टोन फिनिश में उपलब्ध हैं . केवल 200 यूनिट तक सीमित, स्लाविया मोंटे कार्लो के ये विशेष रंग संस्करण सेडान के गतिशील डिज़ाइन, रोमांचक ड्राइविंग अनुभव और ब्रांड की रालये मोंटे कार्लो विरासत का शानदार संयोजन प्रस्तुत करते हैं . लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा स्लाविया मोंटे कार्लो को उसके विशिष्ट डिज़ाइन, प्रीमियम आकर्षण, रोमांचक ड्राइविंग डायनेमिक्स और हमारी मोटरस्पोर्ट विरासत से मजबूत जुड़ाव के लिए ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है . हम मोंटे कार्लो रेंज की विशिष्ट पहचान और आकर्षण को और अधिक सशक्त बना रहे हैं, जिससे ग्राहकों को अधिक विकल्प और विशिष्टता मिल सके . स्लाविया मोंटे कार्लो लगातार स्टाइल, प्रदर्शन और आधुनिकता का बेहतरीन संगम प्रस्तुत करती है .

## फ़ोर्स मोटर्स ने लॉन्च की नई अर्बानिया डीलक्स

**इंदौर .** फ़ोर्स मोटर्स लिमिटेड ने आज अपनी नेक्स्ट-जनरेशन शेयर्ड मोबिलिटी प्लेटफॉर्म की एक नई प्रीमियम पेशकश अर्बानिया डीलक्स को लॉन्च किया. अर्बानिया प्लेटफॉर्म की सफलता को आगे बढ़ाते हुए नई अर्बानिया डीलक्स को यात्रियों के आराम को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है . यह बेहतर परफॉर्मेंस, प्रीमियम इंटीरियर और अत्याधुनिक तकनीक के साथ यात्रा का और भी शानदार अनुभव देगी . नई अर्बानिया डीलक्स के लॉन्च पर फ़ोर्स मोटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रसन फिरोदिया ने कहा अर्बानिया के जरिए हमने भारत में प्रीमियम शेयर्ड पैसेंजर मोबिलिटी को एक नई परिभाषा दी और एक नया वर्ग तैयार किया, जिसे भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी काफी पसंद किया गया . इसकी सफलता बेहतरीन आराम, सुरक्षा और आधुनिक इंजीनियरिंग का मेल पसंद करने वाले ग्राहकों की बढ़ती मांग को दर्शाती है .

## जीसीएल ब्रोकिंग ने मध्यप्रदेश में किया विस्तार

**इंदौर .** स्टॉक ब्रोकिंग एवं वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी जीसीएल ब्रोकिंग ने मध्यप्रदेश में अपने विस्तार को नई गति देते हुए इंदौर में दो, भोपाल में एक तथा ग्वालियर में एक नई शाखा का शुभारंभ किया है . इन नई शाखाओं के साथ कंपनी अब प्रदेश के निवेशकों को आधुनिक, विश्वसनीय एवं व्यक्तिगत वित्तीय सेवाएँ और अधिक सुलभ रूप से उपलब्ध कराएगी . जीसीएल ब्रोकिंग पिछले दो दशकों से निवेशकों को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, आईपीओ, बॉन्ड, कमोडिटी, करेंसी, इंश्योरेंस, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट तथा अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान कर रही है . जीसीएल ब्रोकिंग के सीईओ रवि सिंघल ने कहा मध्यप्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है . इंदौर, भोपाल और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरों में नई शाखाओं की शुरुआत हमारे हर निवेशक तक गुणवत्तापूर्ण वित्तीय सेवाएँ पहुँचाने के संकल्प का हिस्सा है . हमारा लक्ष्य तकनीक और विशेषज्ञ सलाह के माध्यम से निवेशकों को दीर्घकालिक वित्तीय सफलता की दिशा में सशक्त बनाना है .

## अमेजन ग्लोबल सेलिंग से अंतरराष्ट्रीय ग्राहक मिले

**इंदौर .** भारत का टेक्सटाईल उद्योग पूरी दुनिया में अपने पैर फैला रहा है। हैंडीक्राफ्ट सहित कुल टेक्सटाईल एक्सपोर्ट वित्तवर्ष 2025-26 में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.16 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया . ईकॉमर्स एक्सपोर्ट द्वारा निर्माताओं और एमएसएमई के लिए निर्मित होते नए अवसरों के साथ एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग पर टेक्सटाईल कैटेगरी की जबरदस्त मांग दर्ज हुई है . एक्सपोर्ट में हो रही वृद्धि का लाभ उठाने वाले व्यवसायों में से एक इंदौर-स्थित एसजीआई बेडिंग है . यह छोटी सी कंपनी आज एक ग्लोबल होम फर्निशिंग बिजनेस में तब्दील हो गई है, जो एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग के माध्यम से मुख्य इंटरनेशनल मार्केट्स में बेड लिनेन और होम फर्निशिंग प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट करती है . एसजीआई बेडिंग के सफर में एक्सपोर्ट की हमेशा से मुख्य भूमिका है . एसजीआई बेडिंग की पैरेंट कंपनी, दित्वी एक्सपोर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड के फाउंडर एवं डायरेक्टर, सचिन सुले ने कहा, ''हमारा सफर क्वालिटी प्रोडक्ट्स बनाने और बिजनेस के हर पहलू में लगातार सुधार करने के जुनून के साथ आगे बढ़ता है।''

## 83% उपयोगकर्ता रिवॉर्ड्स के लिए बदल रहे हैं प्लेटफॉर्म

**इंदौर .** भारत के यूपीआई इकोसिस्टम अब रोजाना 66 करोड़ से अधिक लेनदेन प्रोसेस कर रहा है और ग्राहकों की वफादारी को बढ़ावा देने में इसमें एक बुनियादी बदलाव देखने को मिल रहा है . एम्पावर इंडिया द्वारा प्राथमिक और द्वितीयक शोध के आधार पर, से पता चला है कि 89% यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान ऐप चुनते समय रिवॉर्ड्स और कैशबैक पर विचार करते हैं . वहीं, 83% उपयोगकर्ता बेहतर रिवॉर्ड्स के लिए ऐप बदलने के लिए तैयार हैं, जबकि 94% लोग ऐप बदलते समय रिवॉर्ड्स को महत्वपूर्ण मानते हैं . 88% लोग बेहतर विकल्पों की पहचान करने के लिए यूपीआई ऐप्स की सक्रिय रूप से तुलना करते हैं . यह दर्शाता है कि रिवॉर्ड्स अब केवल प्रमोशनल प्रोत्साहन नहीं रह गए हैं, बल्कि भुगतान से जुड़े निर्णयों को प्रभावित करने वाला एक मुख्य कारक बन चुके हैं . इन निष्कर्षों पर एम्पावर इंडिया के डायरेक्टर जनरल के . गिरी ने कहा भारत ने दुनिया का एक सबसे बेहतरीन और तेज़ डिजिटल पेमेंट सिस्टम तैयार किया है . हमारी रिसर्च बताती है कि ग्राहक अब हर एक पेमेंट पर किसी न किसी फायदे की उम्मीद रखते हैं। इसीलिए रिवॉर्ड्स अब सिर्फ़ एक स्कीम नहीं, बल्कि पेमेंट करने का एक ज़रूरी हिस्सा बन चुके हैं।

## सेमसंग ने डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप आयोजित की

**इंदौर .** अपने मुख्य सीएसआर प्रोग्राम सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के पांचवें एडिशन के तहत, सेमसंग इंडिया ने देश भर के 135 शहरों में अपनी डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप आयोजित की हैं, जिससे युवाओं के लिए भारत का सबसे बड़ा ग्रासरूट इनोवेशन प्लेटफॉर्म तैयार हुआ है .





## सतवास सेवानिवृत्त शिक्षक संघ ने नशा मुक्ति अभियान चलाया

**सतवास।** नशा वर्तमान पीढ़ी को खोखला कर रहा है इसके कारण सामाजिक ताना बाना प्रभावित हो रहा है तथा शारीरिक समस्याएं जन्म ले रही है । सामाजिक विघटन, दुर्घटनाएं, बच्चों की भरण-पोषण, शिक्षा पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रही है द्य विद्यार्थियों का दायित्व अब बढ़ गया है वे अपने परिवार, मोहल्ले, समाज में नशे के दुष्परिणामों को बताएं तथा स्वयं भी पाउच खाने से बचे उक्त वक्तव्य सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सोलंकी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बॉईजगवाड़ा में नशा मुक्ति कार्यक्रम में दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य वाहिद खान बनारसी थे माँ सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ विद्यालय के शिक्षक आशीष कुंडल, आशीष व्यास, काबिल खान, नेहा राजपूत ने अतिथियों का स्वागत किया द्य संघ के राघवेन्द्र तिवारी, अरविंद शर्मा, प्रमोद गौर, ने कहा कि नशा सभी समस्याओं की जड है समय रहते इसे समाप्त करना होगा.

## भगवान् बनना बिल्कुल भी कठिन नहीं है : पं. अंशुल जैन

### महावीर जिनालय में नंदीश्वर मंडल विधान की रचना की

**सोनकच्छ ।** भगवान बनना बिल्कुल भी कठिन नहीं है। सबसे सरल कुछ है तो भगवान बनना है। भगवान बनने के लिए न क्रोध ,न मायाचारी ,न लोभ ,न अहंकार करना पड़ता हे, भगवान् बनने के लिए न व्यापार करना पड़ता है, न दुकान खोलनी पड़ती है, न मकान बनाना पड़ता है, न छल-कपट करना पड़ता है, न हिंसा करनी पड़ती है, न झूठ बोलना पड़ता है, न हिंसा ,चोरी , कुशील ,परिग्रह करना पड़ता है बस इसने कार्यों से दूर रहकर आत्म ध्यान में लीन होना ही भगवान बनने का मार्ग है।



यह बात मुख्य बाजार स्थित श्री महावीर जिनालय में चल रहे अष्टानिका पर्व पर पंडित श्री अंशुल जैन ने रयणसार शास्त्र के स्वाध्याय के माध्यम से उपस्थित भक्तों से कही।

उन्होंने बताया कि कुछ पाने के लिए कुछ छोड़ना नहीं बल्कि कुछ करना पड़ता है जब तक कर्म नहीं करोगे फल नहीं मिलेगा। भगवान को तो मानते है पर भगवान की कही बातों नहीं मानते है। यही कारण है कि हमारा धर्म से जुड़ाव नहीं हो रहा है।समाज के रोमिल जैन ने बताया कि मंदिर जी में पर्व के दौरान प्रतिदिन भगवान के कलशाभिषेक, शांतिधारा के साथ नदीश्वरद्वीप मंडल विधान की पूजा की जा रही है।

## मुख्य मार्ग पर दुकानों के बाहर लगे टीन शेड हटाने के लिए दिए नोटिस

**सोनकच्छ।** नगर का मुख्य मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। इसे हटाने के लिए कई बार स्थानीय प्रशासन ने कार्रवाई करने की कोशिश कई बार की लेकिन नगर की राजनीति की वजह से प्रशासन कार्रवाई नहीं कर सका। हाल ही में एसडीएम भवन के बाहर का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की गई। तब प्रशासन पर पक्षपात के आरोप लगे इसे देखते हुए तहसीलदार व प्रभारी सीएमओ नेहा शाह द्वारा एमजी रोड पर पर दुकानों के मालिकों को सोमवार तक टीन शेड हटाने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। शाह ने नोटिस में उल्लेख किया है कि, दुकानदार स्वयं टीन शेड हटा लें अन्यथा प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब देखना ये है कि, सोमवार तक व्यापारी टीन शेड हटाते है या फिर प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करता है।



## आरोपी भी आजाद... ट्रैक्टर भी आज़ाद..?

**लोहारद। थाना कांटाफोड़ में दर्ज अपराध क्रमांक 198/2026 अब केवल एक आपराधिक प्रकरण नहीं, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठते गंभीर सवालों का विषय बन गया है।**

**सूत्रों के अनुसार घटना को दो माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पांच नामजद आरोपियों वाले इस मामले में कार्रवाई की रफ्तार अलग-अलग दिखाई दे रही है। तीन आरोपियों को घटना के तुरंत बाद थाने बुलाकर जमानत दे दी गई, जबकि शेष दो नामजद आरोपियों पर आज तक कोई ठोस वैधानिक कार्रवाई नहीं हुई।**

इतना ही नहीं, जिस ट्रैक्टर से पूरे विवाद की शुरुआत होने का आरोप है, वह भी आज तक पुलिस की जब्ती से बाहर है। ऐसे में क्षेत्र में चर्चा है कि आखिर आरोपी भी आज़ाद हैं और घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी आज़ाद है, तो पुलिस की विवेचना आखिर किस दिशा में बढ़ रही है?

दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विवेचना पूरी नहीं हो सकी और चालान न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।प्रयुक्त ट्रैक्टर एक महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य है।

सूत्रों के अनुसार चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था तथा वाहन के दस्तावेज भी वैध नहीं थे। इसके बावजूद वाहन को जब्त न किया जाना पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बना रहा है।

सबसे बड़ी बात यह है कि दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी शेष दो नामजद आरोपियों पर कार्रवाई लंबित है। यदि तीन आरोपियों के संबंध में पुलिस तत्काल कार्रवाई कर सकती थी, तो बाकी दो आरोपियों के मामले में ऐसी कौन-सी बाधा आ गई जिसने पूरी विवेचना को धीमा कर दिया?

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि विवेचना लगातार लंबित रही, तो क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर उसका सुपरविजन किया गया? यदि किया गया तो लंबित कार्रवाई पूरी क्यों नहीं हुई? यदि नहीं किया गया, तो आखिर जवाबदेही किसकी तय होगी?फरियादी ने बताया कि लगातार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन न तो ट्रैक्टर जब्त किया गया, न शेष आरोपियों पर प्रभावी कार्रवाई हुई और न ही विवेचना को समय पर पूरा किया गया। इससे क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर इस मामले में कार्रवाई की रफ्तार इतनी धीमी क्यों है।अब निगाहें जिला पुलिस अधीक्षक पर टिकी हैं। यदि इस मामले की निष्पक्ष समीक्षा कर लंबित कार्रवाई पूरी कराई जाती है तो पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों का जवाब मिल सकता है। जब इस मामले में थाना प्रभारी अभिषेक गौतम एवं जांच अधिकारी राजेश बरेला से बात करने का प्रयास किया गया परन्तु उन्होंने फोन नही उठाया।

## जेएलआर इंडिया ने लॉन्च किया नया अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम

**इंदौर .** जेएलआर इंडिया ने आज अपने अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम और बेहतर फाइनैंसिंग समाधानों को पेश करने की घोषणा की है . इन्हें देश भर में ग्राहकों के लिए रेंज रोवर, डिफेंडर और डिस्कवरी गाड़ियों की ओनरशिप को ज़्यादा सहज, अनुमान लगाने योग्य और सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है . इस प्रोग्राम के तहत अब योग्य ग्राहक ओनरशिप की प्रत्यास्थ अवधि के साथ एक्स-शोरूम कीमत के 55 प्रतिशत तक न्यूनतम अश्योर्ड बायबैक वैल्यू का लाभ उठा सकते हैं . जेएलआर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राजन अम्बा ने कहा अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम वाहन की फ्यूचर वैल्यू की गारंटी देकर लक्ज़री गाड़ी की खरीद के अनुभव को ज़्यादा भरोसेमंद बना देता है . इसके अलावा, एक्सक्लुज़िव फाइनैंसिंग समाधान इस प्रोग्राम को और बेहतर बनाते हैं, जिससे ग्राहकों को ज़्यादा फाइनैंशियल प्रत्यास्थता और भरोसा मिलता है .

## प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे 16 खिलाड़ी

### एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप



इंदौर. मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन (एमपीबीएसए) के तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में आयोजित 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप में गुरुवार को खेले गए दूसरे दौर के मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम-16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) में जगह बना ली.

आगम गंगवाल ने दिव्यप्रकाश को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की. वहीं अभिनव रघुवंशी ने आदित्य चतुर्वेदी को 2-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया. दिन के सबसे रोमांचक मुकाबलों में देवांग सिंह ने आर्यन तिवारी की कड़ी चुनौती के बावजूद 2-1 से जीत दर्ज की. सौरभ श्रीवास्तव ने वीरेंद्र शर्मा को 2-0 से पराजित कर प्री-क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया. अन्य मुकाबलों में अर्जन आनंद ने सुमित परदेशी को 2-0, प्रियंक जायसवाल ने निक्कु पिल्लई को 2-0, अनुराग गिरी ने सैय्यद हसन को 2-0 तथा पीयूष जायसवाल ने अमन गुप्ता को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया. एकेडमी इंचार्ज एवं मुख्य रेफरी सुजीत गेहलोत ने बताया कि चैंपियनशिप के अंतर्गत शुक्रवार से सीनियर बिलियर्ड्स स्पर्धा के मुकाबलों का भी शुभारंभ होगा.

### एक नजर — जिलाध्यक्ष रामसोनी के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया

## आजाद प्रेरणा पर्व के माध्यम से भाजयुमो ने किया चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को नमन

**देवास।** अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला देवास द्वारा मध्यप्रदेश भाजयुमो के निर्देशानुसार आजाद प्रेरणा पर्व का आयोजन जिलाध्यक्ष राम सोनी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सेवा, त्याग एवं बलिदान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एम.जी. जिला अस्पताल चौराहा स्थित अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव एवं भाजयुमो प्रदेश मंत्री आशीष झाला ने श्रद्धासुमन अर्पित कर महान क्रांतिकारी को नमन किया। इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर राष्ट्रभक्ति का भाव प्रकट किया। कार्यक्रम के अंतर्गत एम.जी. जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर सेवा कार्य किया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए युवा मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि पंडित चंद्रशेखर आजाद केवल एक महान क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं। उनका संपूर्ण जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित रहा। आज आवश्यकता है कि देश का युवा उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए।





### क्रांतिकारियों के संघर्ष से युवा प्रेरणा लें

उन्होंने कहा कि सेवा, संगठन और राष्ट्रहित की भावना ही अमर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री आशीष झाला ने कहा कि युवाओं को अपने इतिहास और महान क्रांतिकारियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रजतपाल सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष राहुल गोस्वामी एवं मनीष पाटीदार, जिला मंत्री राहुल मालवीय, राजकुमार पाटीदार, सुरेंद्र गायकवाड, मंडल अध्यक्ष मोहित जाट, राजवर्धन यादव, जिला पदाधिकारी गौरव दुबे, गणेश पटेल, तथा युवा मोर्चा कार्यकर्ता अजय गुनावदिया, दिलीप नायक, धीरेन्द्र पंवार, अमन जाधव, बंधन चौधरी, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला देवास के जिला मीडिया प्रभारी सतीश चौहान ने दी।